बरेली, मंगलवार
11 नवंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO: IV MIDDLE

# एसआरएमएस रिद्धिमा में हुई 12वीं राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता कलर बैलून

जासं, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में सोमवार को 12वीं राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता कलर बैलून हुई। इसमें विभिन्न स्कूलों और कालेजों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। ग्रुप ए में एसआर इंटरनेशनल की छात्रा रिया सिंह, ग्रुप बी में उसी विद्यालय के प्रकाश खंडेलवाल और ग्रुप सी में एसआरएमएस मेडिकल कालेज की अणिमा लाल प्रथम रहीं।

प्रतियोगिता में स्वच्छ भारत, यूनिटी इन डाइवर्सिटी और भारतीय कला रूप विषयों पर चित्र प्रस्तुत किए गए। इस दौरान कला विभाग की एक कार्यशाला भी हुई, जिसमें गुरु सौरभ रस्तोगी ने जल, तेल व एक्रेलिक रंगों के मिश्रण और मानव आकृति चित्रण की तकनीक सिखाई। समापन सत्र में चेयरमैन देवमूर्ति ने विजेताओं को सम्मानित कर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता को मजबूत करती हैं।